>

Title: Regarding infiltration in Assam -laid.

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदाई): मेरे संसदीय क्षेत्र मंगलदेई सहित पूरे असम में अवैध घुसपैठ एक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बन गई है । जिस सम्बन्ध में सरकार अपने स्तर पर गंभीर प्रयास कर रही है । लेकिन बे-रोकटोक घुसपैठ अब एक राष्ट्रीय समस्या बन गई है । वर्ल्ड-माइग्रेशन रिपोर्ट 2018 के अनुसार, पिछले साल बांग्लादेश–भारत कोरिडोर घुसपैठ के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला दूसरा गलियारा बन गया है । इतना ही नहीं असम में वोटर सूची में जिस तरह से वोटरों की संख्या बढ़ी है वह भी देश के लिए काफी खतरनाक है । मेरे संसदीय क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों में लगभग तीन लाख वोटरों की संख्या बढ़ चुकी है । असम के स्थानीय लोगों के अधिकारों का पूर्ण रूप से हनन हो रहा है । इस घुसपैठ के कारण असम के स्थानीय लोगों के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक अधिकारों का भी व्यापक रूप से हनन हो रहा है । बढ़ती घुसपैठ से वन्य भूमि, आरक्षित भूमि तथा नदी किनारे डूब क्षेत्र की भूमि पर भी कब्जा बढ़ रहा है । अतः यह घुसपैठ देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए काफी खतरनाक हो सकती है ।

अतः मेरा माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन है कि इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए देश व्यापी कठोर कानून लागू कर इस समस्या को खत्म करने का कष्ट करें ।